Training & Capability building: To develop in-house skills, your Bank has undertaken process of revamping its training and learning systems to make them best in class. It has tied up with leading Credit Rating Agencies and Business Schools to provide training to the Bank staff. Further, various training programs by experts internally or externally are undertaken which help in upgrading the skill set across the cadre in the Bank. To supplement the skills in specialized areas and functions, your Bank has also undertaken external talent hiring. Further your Bank has undertaken enterprise wide employee engagement survey with 85% completion rate and results are being analyzed.

Employee friendly organization: Your Bank has taken measures towards capacity building and retaining of the talent to ensure that its human power is well-equipped, motivated and actively participates in the massive transformation that is underway in the Bank. Apart from up skills building amongst employees, your Bank also ensures that its employees are physically fit and health conscious. Your Bank has undertaken a number of initiatives to inculcate health awareness among employees by forming Marathon Club and Yoga classes. Your Bank celebrates Women's Day to recognize and appreciate the contribution of women staff members. Further, to increase the interaction between management and employees, a two-way webcast of internal events has been started.

Looking Forward

As we embark on new transformation phase with the Indian economy on the cycle of recovery, we are confident of generating higher RoE and RoA. Our focus is to make the Bank ready for sustainable growth with improved quality of earnings. We are confident that our strategic focus on people, processes, products and technology will help us retain the leadership position in the emerging business environment.

We believe that our strategy will provide a strong foundation for our growth in years to come. We look forward to continued support and goodwill of all our shareholders.

P. S. Jayakumar

P S Jayakumar

निदेशकों की रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएँ
Highlights of Directors' Report

"आपके निदेशकगण बैंक की 108 वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष (वित्तीय वर्ष 16) के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र, लाभ-हानि लेखा और व्यवसाय तथा परिचालन सम्बंधी रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं."

कार्यनिष्पादन - विशेषतायें

- कुल कारोबार (जमा + अग्रिम) ₹ **9,57,808 करोड़ रहा.**
- **सकल लाभ** एवं **शुद्ध लाभ क्रमश:** ₹ **8816 करोड़** व ₹ (**5396**) **करोड़** रहा.
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) बासेल III** के अनुसार **13.17** % रहा.
- **खुदरा ऋण** वित्तीय वर्ष 2016 में ₹ **50,850 करोड** रहा और यह आपके बैंक के सकल घरेलू ऋणों का **18** % रहा.
- **एमएसएमई ऋण** ₹ **54,990 करोड** रहा और यह वित्तीय वर्ष 2016 में बैंक के सकल घरेलू ऋणों के **20%** रहा.
- **शुद्ध ब्याज अंतर (एनआईएम)** वित्तीय वर्ष 2016 में वैश्विक परिचालनों में **2.05%** रहा और घरेलू परिचालनों में **2.60%** रहा.
- **सकल अग्रिम में सकल एनपीए 9.99%** रहा, **शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध एनपीए** 5.06 % रहा.
- 31.03.2016 को शुद्ध मालियत ₹ **30,586 करोड़** रही.
- **बही मूल्य** प्रति शेयर 31.03.2016 को ₹ **132.74 रहा.**
- **प्रति कर्मचारी कारोबार** ₹ **1680 लाख** रहा.

पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) :

आपके बैंक का **बासेल III के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर)** 31 मार्च, 2016 को **13.17%** रहा. बासेल III फ्रेमवर्क के अंतर्गत टियर 1 अनुपात **10.79%** तथा सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी-1) **10.29%** रहा.

31 मार्च, 2016 को आपके बैंक की शुद्ध मालियत ₹ **30,586 करोड़** रही, जिसमें चुकता इक्विटी पूंजी ₹ **462 करोड़** और प्रारक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन निधि तथा एफसीटीआर को छोड़कर एवं निवल अमूर्त आस्तियों को घटाकर) ₹ **30,123 करोड़** शामिल है.

सेवानिवृति तथा अन्य लाभों के लिए प्रावधान :

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने उपदान में अंशदान के रूप में (₹ 20.56 करोड़), पेंशन निधि के रूप में (₹ 3025.08 करोड़) जिसमें मृत्युदर टेबल एलआईसीआई 1994-96 से आईएएलएम 2006-08 अपनाए जाने के कारण किया गया ₹ 1563.70 करोड़ का प्रावधान शामिल है, अवकाश नकदीकरण के रूप में (₹ 259.37 करोड़) तथा अतिरिक्त सेवानिवृत्त लाभ के रूप में (₹ 87.23 करोड़) की राशि का प्रावधान किया है. इन चारों श्रेणियों में प्रावधान की कुल राशि वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ₹ 3392.24 करोड़ रही. मार्च 2016 के अंत में बैंक के पास इन शीर्षों के तहत उपलब्ध कुल आधारभूत निधि इस प्रकार थी: ₹ 1346.55 करोड़ (उपदान), ₹ 11947.17 करोड़ (पेंशन निधि), ₹ 881.21 करोड़ (अवकाश नकदीकरण) तथा ₹ 375.96 करोड़ (अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ).

प्रमुख वित्तीय अनुपात

विवरण	वित्तीय वर्ष 2016	वित्तीय वर्ष 2015
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए) (%)	(0.78)	0.49
निधियों की औसत लागत	5.08	5.23
औसत आय (%)	7.09	7.53
औसत ब्याज अर्जक आस्तियां (₹ करोड़ में)	6,21,234.89	5,70,592.45
औसत ब्याज वहन करने वाली देयताएं (₹ करोड़ में)	6,16,002.63	5,69,190.46
शुद्ध ब्याज मार्जिन (%)	2.05	2.31
लागत आय अनुपात (%)	50.30	43.63
प्रति शेयर बही मूल्य (रू)	132.74*	166.83*
ईपीएस (रू)	(23.89)*	15.83*

*विभाजन के बाद शेयर का अंकित मूल्य ₹ 2/-

लाभांश :

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस प्रयोजन से निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूरा न करने के कारण वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए लाभांश का भुगतान करने हेतु पात्र नहीं है.

प्रबन्धन विचार विमर्श और विश्लेषण

भारतीय अर्थव्यवस्था का संक्षिप्त विवरण तथा वित्तीय वर्ष 17 की सम्भावनाएं

भारत की मेक्रो इकोनॉमिक स्थिरता में राजकोषीय दूरदर्शिता, निम्न मुद्रास्फीति, चालू खाते में निम्न गिरावट और मजबूत विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों के कारण निरंतर सुधार हुआ है, केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा जारी अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2015-16 में सकल घरेलू उत्पाद (2011-12 मूल्य) 7.6% रहा एवं सकल मूल्य (जीवीए) भी मूलभूत स्थिर मूल्यों के साथ 7.3% रहा. वैश्विक मांग में मंदी एवं कृषि क्षेत्र को प्रभावित करने वाले लगातार दो सामान्य से कम मानसूनों के बाद भी यह वृद्धि प्राप्त हुई है.

वर्ष 2015-16 में कृषि क्षेत्र में 1.1% वृद्धि अपेक्षित है, वहीं सेवा क्षेत्र में यह 9.2% से थोड़ी सी अल्प रही है. उद्योग क्षेत्र में वर्ष 2015-16 में अनुमानित वृद्धि 7.3% रही. अप्रैल- मार्च 2016 के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 2.4% था.

वर्ष 2015-16 में मुख्य उपलब्धि मुद्रास्फीति में तेज गिरावट रही, जिसके प्रमुख कारण जैसे कच्चे तेल की कीमतों में कमी, भारतीय रिज़र्व बैंक का मुद्रास्फीति के प्रति औपचारिक लक्ष्य, उचित खाद्य आवंटन प्रबंधन, न्यूनतम

समर्थन मूल्यों में बढ़ोतरी एवं चीन में मंदी रहे. वर्ष के दौरान सीपीआई (CPI) 5-6% के बीच रही और डब्ल्यूपीआई (WPI) (-) 0.91% रही. समग्र रूप से मुद्रास्फीति भारतीय रिज़र्व बैंक के लक्ष्यानुसार ही रही. निर्यात में विगत 15 माह से निरंतर कार्य जारी है और आयात में घरेलू अर्थव्यवस्था में धीमी वृद्धि तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण मंदी रही. चालू खातों में घाटा वित्तीय वर्ष 2015 की तीसरी तिमाही के 1.5% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2016 की तीसरी तिमाही में 1.3% रहा. उत्साहवर्धक आवक धनप्रेषण, निम्न ऑयल कीमतें एवं उल्लेखनीय एफडीआई जिसमें लगभग 40% की वृद्धि हुई, परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा भंडार 350 बिलियन यूएस डॉलर से ऊपर रहा. वर्ष 2015-16 के लिए राजकोषीय घाटा (संशोधित अनुमान) 3.9% रहा एवं 2016-17 के लिए 3.5% (बजटीय अनुमान) है.

यह वर्ष सुधारात्मक उपायों की निरंतरता का साक्षी रहा है. सुधार का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना, संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना, मेक-इन-इंडिया मुहिम के तहत उद्योग तथा इंटरप्राइज को प्रोत्साहित करना, व्यवसाय करने हेतु सहज माहौल बनाना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सेवाओं की डिलीवरी में सुधार करना और बैंकिंग सेवाओं को विस्तार देना तथा विभिन्न क्षेत्रों में सीधे विदेशी निवेश की नीति के प्रति उदार बनना आदि इस वर्ष की गतिविधियां हैं. मंद पड़ी विद्युत वितरक कंपनियों में वित्तीय टर्नओवर करने के उद्देश्य से नई पहल जैसे सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों का रैवम्प योजना (इंद्रधनुष), उदय (उज्ज्वल डिस्कॉम बीमा योजना), उद्यम संभाव्यता का लाभ लेने के लिए स्टार्ट-अप इंडिया की मुहिम, फसल बीमा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, इसी तरह के और भी सुधारात्मक उपाय किए गए. डीबीटी के माध्यम से एलपीजी सब्सिडी का अंतरण करने हेतु पहल शुरू की गई. केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुसार, दिवालिया कानून संसद में पारित किया जा चुका है. इसके साथ ही साथ स्मार्ट सिटी, 2022 तक सब के लिए मकान की घोषणा तथा मेक इन इंडिया एवं स्टैंड अप / स्टार्ट अप की मुहिम बैंकिंग परिप्रेक्ष्य हेतु सकारात्मक हैं. व्यवसाय हेतु सकारात्मक माहौल बनाने के लिए सरकार द्वारा किया गया प्रयास अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण वृद्धि ला सकते हैं. भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है, तथापि धीमी वैश्विक वृद्धि, चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट, वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ना तथा यूनाईटेड स्टेट्स की मौद्रिक नीति में ठहराव आदि को वृद्धि के बाह्य जोखिमों के रूप में देखा जा रहा है.

भारतीय बैंकिंग में नवीनतम आए बदलाव

भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिक प्वाइंट की कटौती करके 7.75 प्रतिशत निर्धारित कर जनवरी, 2015 में मौद्रिक नीति में बदलाव किया है तथा वर्तमान में इसे जारी रखते हुए 125 बीपीएस की कटौती करके रेपो रेट 6.50 प्रतिशत तक रखा है. परिणामस्वरूप बैंकों ने अपने बेस रेट में कटौती की. तथापि बेस रेट में कटौती की गति पॉलिसी बेंचमार्क रेट से कम ही रही. मौद्रिक नीति का सीमित प्रसार भारतीय रिज़र्व बैंक की चिंता का कारण रहा. पॉलिसी रेट के सीमित प्रसार को देखते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ़ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट लागू किया. इस बदलाव के साथ, पॉलिसी रेट का प्रसार करके बैंकों के अग्रिम हेतु निर्धारित दरों में सुधार किया गया.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान जमा तथा अग्रिम वृद्धि धीमी होने तथा आस्तियों की गुणवत्ता की चिंता के कारण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का कार्य-निष्पादन धीमा रहा. जमा वृद्धि 9.7% रही तथा अग्रिम के क्षेत्र में 10.7% रही.

ज्ञान संगम-I की सिफारिशों पर की गई प्रगति की समीक्षा हेतु मार्च 2016 के पहले सप्ताह में गुड़गांव में ज्ञान संगम-II का आयोजन किया गया. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के उच्च प्रबंधन के साथ रिस्ट्रक्चरिंग / विलयन एवं अधिग्रहण, एनपीए प्रबंधन एवं वसूली, तकनीक, डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन ऋण वृद्धि एवं जोखिम प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा हुई. इंद्रधनुष परियोजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कार्यकलाप में सुधार लाने के लिए कई कदम उठाए गए जिसमें वर्ष 2019 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को ₹ 70000 करोड़ की पूंजी उपलब्ध कराना शामिल है. 1 अप्रैल 2016 से बैंक बोर्ड ब्यूरो ने काम करना आरम्भ कर दिया है जिसका उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत बनाना है तथा उनके विकास के लिए उचित रणनीति तैयार करना है. ब्यूरो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के चयन हेतु सिफारिश करेगा तथा पूंजी बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेगा.

व्यवसाय कार्य-निष्पादन

संसाधन संग्रहण एवं क्रेडिट विस्तार

वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने दृष्टिकोण में औसत व्यापार की अवधारणा की दिशा में कार्यनीतिक बदलाव किए हैं. व्यापार के लक्ष्यों का आवंटन करने के साथ ही सभी परिचालन इकाइयों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा औसत कारोबार आंकड़े (दैनिक औसत) के आधार पर किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आपके बैंक की मुख्य उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है.

निधियों की संरचना- वैश्विक

विवरण (रुकरोड़ में)	मार्च, 2015 की समाप्ति पर	मार्च, 2015 की समाप्ति पर औसत आंकडे	मार्च 2016 की समाप्ति पर	मार्च 2016 की समाप्ति पर औसत आंकडे	औसत आंकडों में वृद्धि (%)
जमाएं	6,17,560	5,34,470	5,74,038	5,78,317	8.20
- घरेलू	4,14,278	3,61,917	3,94,844	4,03,503	11.49
- विदेशी	2,03,282	1,72,553	1,79,194	1,74,814	1.31
उधार राशियाँ	35,264	-	33,471	-	-

वैश्विक अग्रिम *

विवरण (रुकरोड़ में)	मार्च, 2015 की समाप्ति पर	मार्च, 2015 की समाप्ति पर औसत आंकड़े	मार्च 2016 की समाप्ति पर	मार्च 2016 की समाप्ति पर औसत आंकड़े	औसत आंकड़ों में वृद्धि (%)
अग्रिम	4,28,065	3,83,313	3,83,770	4,05,126	5.69
- घरेलू	2,91,870	2,53,788	2,63,268	2,70,108	6.43
- विदेशी	1,36,195	1,29,525	1,20,502	1,35,018	4.24

*वर्ष की समाप्ति के आंकड़े शुद्ध अग्रिम हैं जबकि औसत आंकड़े सकल अग्रिम से सम्बंधित हैं.

आपके बैंक की कुल औसत जमा राशियाँ ₹ 5,34,470 करोड़ से बढ़कर ₹ 5,78,317 करोड़ हो गई जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.20 % अधिक है. इसमें से, औसत बचत बैंक जमाराशियां 12.71% की वृद्धि के साथ ₹ 94,705 करोड़ से ₹ 1,06,739 करोड़ हो गई. मार्च 16 को कुल जमाराशियों (घरेलू + विदेशी) में कम लागत की जमाराशियां (चालू+बचत) अर्थात कासा जमाओं का हिस्सा मार्च 16 में 26.36% एवं घरेलू जमाओं में 33.57% रहा जो गत वर्ष क्रमशः 26.39% एवं 33.01% था. आपके बैंक में कुल औसत जमाओं में औसत कासा(घरेलू) की भागीदारी मार्च 15 को 29.31% से बढ़कर मार्च 16 को 29.43% हो गयी. आपके बैंक ने रिटेल सावधि जमाओं का थोक सावधि जमाओं की तुलना में तरजीह देना जारी रखा है. घरेलू खुदरा जमा अनुपात पिछले वर्ष 62.79% से सुधरकर 31.03.2016 को 73.96% हो गया.

वित्तीय वर्ष, 2016 के दौरान आपके बैंक के कुल औसत अग्रिमों में 5.69 % की वृद्धि हुई. घरेलू अग्रिमों में यह वृद्धि 6.43 % तथा विदेशी अग्रिमों में 4.24 % रही. बैंक ने आस्तियों में वृद्धि के लिए एक असंशोधित बदलाव के साथ पोर्टफोलियो की गहन समीक्षा के बाद अपनी लोन बुक को पुनः संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां हम ग्राहकों के साथ अपनी आय और समग्र व्यवसाय की हिस्सेदारी में सुधार कर सकते हैं.

परिचालन कार्यनिष्पादन:

विवरण (करोड़ में)	मार्च 2015 को समाप्त	मार्च 2016 को समाप्त	वृद्धि (%)
निवल ब्याज आय	13,187	12,740	-3.39%
अन्य आय	4,402	4,999	13.56%
कुल राजस्व	17,589	17,739	0.85%
परिचालनगत व्यय	7,674	8,923	16.28%
परिचालनगत लाभ	9,915	8,816	-11.08%
एनपीए के लिए प्रावधान	3,998	13,766	244.32%
अन्य प्रावधान	497	1,748	251.71%
कर हेतु प्रावधान	2,022	(1,303)	-
कुल प्रावधान	6,517	14,211	118.06%
निवल लाभ	3,398	(5,396)	-

गैर निष्पादक आस्तियों में अत्यधिक वृद्धि के कारण आपके बैंक की निवल ब्याज आय में 3.39% की गिरावट हुई जिसके फलस्वरूप ब्याज प्रत्यावर्तन करना पड़ा तथा ऐसी आस्तियों पर ब्याज का अर्जन बन्द हो गया. तथापि, अन्य आय में 13.56% की वृद्धि के कारण कुल राजस्व में 0.85% की वृद्धि हुई. कर्मचारियों की लागत सहित परिचालनगत खर्चों में 16.28% की वृद्धि हुई. बैंक का परिचालनगत लाभ ₹ 8,816 करोड़ रहा जिसमें 11.08% की गिरावट हुई.

वर्ष के दौरान, बैंक ने वित्त वर्ष 16 में गत वर्ष के ₹ 6,517 करोड़ की तुलना में ₹ 14,211 करोड़ का प्रावधान किया है. इन प्रावधानों में एनपीए प्रावधानों के लिए ₹ 13,766 करोड़ और अन्य प्रावधानों के लिए ₹ 1,748 करोड़ की राशि शामिल है. एनपीए पर प्रावधान विनियामक आवश्यकताओं की तुलना में ₹ 2,954 करोड़ अधिक था जो तुलन पत्र को मजबूत करने हेतु प्रावधान कवरेज अनुपात में सुधार लाकर इसे 60.09% तक करने हेतु किया गया. अन्य प्रावधानों में पेंशन देयता सम्बंधी ₹ 1,564 करोड़ शामिल हैं जिसका प्रावधान, मृत्युदर चार्ट में एलआईसीआई 1994-96 से परिवर्तित होकर आईएएलएम 2006-08 होने के कारण किया गया है. आपके बैंक ने सभी ज्ञात देयताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रावधान उपलब्ध कराया है ताकि भविष्य में पूरा ध्यान आय को बढ़ाने पर दिया जा सके. इन सभी तथ्यों को ध्यान मे रखते हुए बैंक ने गत वर्ष के ₹ 3,398 करोड़ के लाभ की तुलना में ₹ 5396 करोड़ की हानि दर्ज की.

लार्ज एवं मिड कार्पोरेट क्रेडिट

बैंक कॉर्पोरेट ऋण की आवश्यकताओं को मुख्यतः 10 कॉपोरेट वित्तीय सेवा शाखाओं एवं 17 मिड कॉर्पोरेट शाखाओं के माध्यम से पूरा कर रहा है. वर्ष के दौरान 82 नये कॉर्पोरेट संबंध स्थापित किए गए. बाजार में प्रचलित चुनौतियों को देखते हुए, आपके बैंक ने नए जोखिम लेते समय समुचित सावधानियों के साथ सतर्कतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाया है.

बैंक ने लार्ज एवं मिड कार्पोरेट क्रेडिट में गुणवत्ता के साथ स्थिर वृद्धि सुनिश्चित करने हेतु निम्नवत कदम उठाए:

- पूंजी संरक्षण के अनुकूलतम स्तर को प्राप्त करने के लिए अनाहरित जोखिम की निगरानी.
- आस्ति पर जोखिम समायोजित प्रतिफल की जाँच हेतु आरएआरओसी दृष्टिकोण की शुरुआत.
- क्षेत्रगत विशेषज्ञता टीम के निर्माण की पहल की प्रक्रिया
- सीआरई प्रस्तावों पर विशेष रूप से कार्रवाई हेतु ''रियल इस्टेट डेस्क'' की स्थापना.
- रेड फ्लैग खातों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए बाजार आसूचना कक्ष का गठन.

एमएसएमई ऋण

एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और बैंक 54 एसएमई लोन फैक्ट्रियों तथा शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के जरिये इस क्षेत्र को सहयोग प्रदान करता है. मार्च 2016 के अंत में एमएसएमई अग्रिम ₹ 54,990 करोड़ रहे. वर्ष 2016 में कुल एमएसएमई अग्रिम ₹ 55,535 करोड़ में माइक्रो एंटरप्राइजेज़ में अग्रिम ₹ 29,861 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2016 में 53.70% रहा. 31 मार्च 2016 तक, आपके बैंक के सकल घरेलू अग्रिमों में एमएसएमई अग्रिमों का योगदान 19.58% रहा. माइक्रो एवं छोटे एंटरप्राइजेज में अग्रिमों का स्तर ₹ 49,571 करोड़ था.

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की घोषणा 08.04.2015 को की गई एवं आपके बैंक ने इसमें सक्रिय भाग लिया. आपके बैंक ने लघु उद्यमों की श्रेणी में खातों की संख्या में पिछले वर्ष के 10% की तुलना में 24% की वार्षिक वृद्धि की है.

आपके बैंक ने बीएमई (बड़ौदा माइक्रो एंटरप्राईजेज़) कक्ष स्थापित किया है जो एक ऐसी अवधारणा है जिसके अंतर्गत माइक्रो एंटरप्राइजेज के लिए सेवाएं दी जाती हैं. बैंक ने देशभर मे ऐसे 90 कक्ष स्थापित किए हैं.

खुदरा ऋण :

आपके बैंक में रिटेल ऋण का वितरण 65 रिटेल लोन फैक्ट्रियों (आरएलएफ) और शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है. वर्ष के दौरान आरएलएफ को रिडिजाइन कर उन्हें स्पेशलाईज्ड मोर्गेज स्टोर (एसएमएस) के रूप में परिवर्तित करने की प्रक्रिया आरम्भ की गई है ताकि मोर्गेज ऋण की बिक्री एवं मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां तथा रिटेल ऋणों की केंद्रीकृत प्रोसेसिंग का कार्य केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्रों के जरिये किया जाए. बैंक ने रिटेल ऋण के आवेदनों को सरल बनाया है, ऑनलाईन आवास ऋण आवेदन पत्र की पद्धति को पुनर्व्यवस्थित किया जिसके अंतर्गत ''सैद्धांतिक रूप में'' तुरंत ही स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया भी आरम्भ की हैं.

आपके बैंक के रिटेल ऋण संविभाग में पांच प्रमुख उत्पाद यथा आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स ऋण तथा मार्गेज ऋण शामिल हैं, जिनकी मार्च, 2016 के अंत में कुल रिटेल ऋणों में 83.12 % हिस्सेदारी थी. गृह ऋणों में ₹ 2,427 करोड़ (10.77%) की बढ़त हुई जो मार्च 2016 तक ₹ 24,968 करोड़ के स्तर पर पहुंच गए. पिछले वर्ष के ₹ 6,335 करोड़ के संवितरण की तुलना में 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष में कुल संवितरण ₹ 6,632 करोड़ किया गया. ऑटो ऋण में ₹ 268 करोड़ (6.45%) की वृद्धि हुई तथा मार्च 16 तक ₹ 4,428 करोड़ के स्तर तक पहुंच गया. 31 मार्च 2016 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान ऑटो ऋण के अंतर्गत ₹ 1,773 करोड़ के नये ऋण संवितरित किये गये. बड़ौदा ट्रेडर्स ऋण, बड़ौदा मोर्गेज ऋण तथा बड़ौदा शिक्षा ऋण क्रमशः ₹ 8,836 करोड़, ₹ 1,914 करोड़ एवं ₹ 2,123 करोड़ रहे. अन्य रिटेल ऋण उत्पादों में बडौदा वैयक्तिक ऋण और अन्य विविध उत्पाद जैसे डॉक्टर ऋण, सरकारी प्रतिभूति के पेटे ऋण शामिल हैं. 31 मार्च 2016 को कुल रिटेल ऋण ₹ 50,850 करोड़ रहे जो बैंक के घरेलू अग्रिमों का 18.82% है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न रिटेल उत्पादों की समीक्षा कर उन्हें पुनः डिजाइन किया तथा क्रेडिट ब्यूरो स्कोर से जोड़कर ऋणों का जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण किया.

ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र के ऋण

बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि ऋण के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है. यह अपनी 1,964 ग्रामीण एवं 1,425 अर्द्ध शहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के जरिए ग्रामीण बाजार की व्यापक संभावनाओं का पूर्ण उपयोग करता रहा है. वित्त वर्ष 16 के दौरान आपके बैंक ने ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्र में 95 नई शाखाएं खोली हैं.

आपका बैंक उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) का संयोजक है. आपका बैंक भारत के 48 जिलों में अग्रणी बैंक है. जिनमे गुजरात के 14, राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के 15, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश एवं बिहार के 2-2 जिले शामिल हैं तथा दिल्ली का 1 जिला शामिल है.

आपके बैंक का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अग्रिम मार्च 2015 के ₹ 1,03,342.67 करोड़ की तुलना में मार्च 2016 में ₹ 1,13,121.13 करोड़ के स्तर पर रहा तथा एडजस्टेड नेट क्रेडिट (एएनबीसी) का 37.05% रहा. आपके बैंक का प्रत्यक्ष कृषि ऋण ₹ 28,094.12 करोड़ रहा जिसमें वर्ष के दौरान ₹ 1,483.20 करोड़ (5.57%) की समग्र वृद्धि हुई. आपके बैंक के कुल कृषि अग्रिम में (आरआईडीएफ को छोड़कर) ₹ 4,085.67 करोड़ की वृद्धि हुई जो मार्च 2016 की समाप्ति पर ₹ 36822.21 करोड़ तक पहुंच गया कुल कृषि ऋण एएनबीसी का 14.76% रहा.

अनु.जाति/अनु.जनजाति समुदाय को आपके बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण की बकाया राशी मार्च 2015 में ₹ 4,997 करोड़ से बढ़कर मार्च 2016 में ₹ 5,298 करोड़ हो गया बैंक द्वारा कमजोर वर्ग को प्रदत्त कुल अग्रिमों में अनु.जाति / अनु. जनजाति की हिस्सेदारी 21.95% रही.

आपके बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

आपके बैंक ने तीन राज्यों में तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक प्रायोजित किए हैं, अर्थात बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एवं बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक. इन तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल व्यवसाय मार्च, 2015 के अंत में 37,440.67 करोड़ ₹ से बढ़कर मार्च, 2016 के अंत में 42,640.52 करोड़ ₹ हो गया. इस प्रकार इसमें 13.89% की वृद्धि दर्ज हुई. तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने वित्तीय वर्ष 15-16 के दौरान ₹ 185.48 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया जब कि वित्तीय वर्ष 14-15 के दौरान शुद्ध लाभ ₹ 327.20 करोड़ था. 10वें द्विपक्षीय समझौता से संबंधित बकाये के भुगतान के कारण लाभ में गिरावट हुई. इन सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समग्र शुद्ध मालियत 31.03.2015 को ₹ 1,851.02 करोड़ से सुधर कर 31.03.2016 को ₹ 2,036.43 करोड़ हो गई तथा प्रारक्षित निधियां एवं अधिशेष ₹ 1,394.12 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,579.53 करोड़ हो गए.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

वित्तीय समावेशन योजना वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता को वहनीय लागत पर समाज के उन सभी वर्गों तक सहज सुलभ बना रही है, जो कि अब तक इससे वंचित थे, ताकि उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके. बैंक द्वारा अपनी स्थापना से ही सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के माध्यम से निर्धनतम व्यक्तियों को ऋण प्रदान कर, अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध करा कर, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण आदि के रूप में इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है. बैंक ने सभी 21,526 सेवा क्षेत्र गांवों के लिए वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) अनुमोदित की है. गैर समेकित एफआईपी-2016 के सभी लक्ष्य दिसम्बर 2014 में ही हासिल कर लिये गये थे.

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु आपके बैंक ने निम्नलिखित मॉडल अपनाए हैं, ये इस प्रकार हैं : सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित बीसी मॉडल जैसे पीओएस आधारित बीसी मॉडल, कियोस्क बीसी मॉडल, ब्रिक एवं मोर्टार शाखा.

प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई)

प्रधानमंत्री जन-धन योजना एक विस्तृत वित्तीय समावेशन योजना है जिसका दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक उपयोगी बनाया गया है. प्रधानमंत्री जन-धन योजना वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन है. इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा 09 मई, 2015 को जन सुरक्षा योजना का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत कम किस्तों वाले बीमा उत्पाद जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं पेंशन उत्पाद जैसे अटल पेंशन योजना आदि शुरू किए गए.

हमारे बैंक को राज्य स्तरीय बैंकर समितियों द्वारा पूरे देश में 6,829 एसएसए आवंटित किए गए थे जिसके अंतर्गत 22,055 गावों तथा 3,023 वार्डों का समावेश था. हमने सभी आवंटित एसएसए तथा वार्डों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है. तदनुसार हमारे सेवा क्षेत्र में कुल 88,91,696 घर हैं. हमारा यह प्रयास रहा है कि अपने सेवा क्षेत्र के अंतर्गत हर घरों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाएं. प्रति परिवार कम से कम एक खाता खोलते हुए, बैंक ने सेवा क्षेत्र के सभी गावों को पूरी तरह कवर कर लिया है. बैंक ने ₹ 2,500 करोड़ की जमाराशियों के साथ 1.25 करोड़ खाते खोले हैं तथा 1.18 करोड़ रूपे डेबिट कार्ड जारी किए हैं. प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना के तहत बैंक ने 14.42 लाख पॉलिसियां नामांकित की है. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत नामंकित पॉलिसियों की संख्या 40.24 लाख हैं.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

अपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय का बैंक के कुल व्यवसाय में उल्लेखनीय योगदान बना रहा. 31.03.2016 को वैश्विक व्यवसाय में अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय ने 31.3% का योगदान किया. कुल अंतर्राष्ट्रीय बही में, जहां बैंक का एकस्पोजर रहा, बायर्स क्रेडिट /बीपी/बीडी पोर्टफोलियों की 47.92% की हिस्सेदारी रही 22.03% का एक्सपोजर रहा, ईसीबी/सिंडिकेट ऋण के जरिए भारतीय कार्पोरेट के पक्ष में गैर भारतीय प्रतिष्ठानों को सिंडिकेट ऋण के माध्यम से दिया गया एक्सपोजर 4.30% है तथा शेष 25.75% का एक्स्पोजर स्थानीय ऋण के जरिए है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक में ट्रेजरी परिचालन कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई स्थित अति आधुनिक डीलिंग रुम से किया जाता है. आपके बैंक ने वर्ष के प्रथम छः महीने में उच्चतर प्रतिफल के द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसर का लाभ उठाया है और पोर्टफोलियो में बॉण्ड को शामिल किया है. बैंक ने अति सक्षम तरीके से पोर्टफोलियो को संभाला है तथा 31.03.2016 को 8.01% का एसएलआर निवेश पर औसत प्रतिफल को कायम रखा है. वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान आपके बैंक ने निवेशों के विक्रय करने तथा विदेशी विनिमय से हुए लाभ क्रमशः ₹ 1,162 करोड़ तथा ₹ 612 करोड़ तथा ब्याज / डिस्काऊंट के रूप में ₹ 12,144 करोड़ अर्जित किए हैं.

धन सम्पदा प्रबंधन सेवाएं :

आपके बैंक ने म्युचुअल फंड तथा बीमा के जरिये क्रमशः उच्चतर प्रतिफल तथा सुरक्षा के सम्बंध में ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को समझ लिया है. बैंक वर्ष 2004 से ही धनसम्पदा प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध करा रहा है तथा ग्राहकों को म्युचुअल फंड, जीवन बीमा, गैर जीवन बीमा सम्बंधी उत्पाद वितरित कर रहा है.

एनपीए प्रबंधन

विभिन्न माइक्रो-इकॉनोमिक एवं अन्य कारकों के कारण, आस्तियों की गुणवत्ता को बनाए रखने की दृष्टि से बैंकिंग उद्योग के लिए वित्तीय वर्ष 2016 एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा. आपके बैंक की स्लिपेज आरंभिक मानक अग्रिमों में 6.38% रही. अत्यधिक स्लिपेज के कारण 31 मार्च, 2016 को सकल अग्रिम से सकल एनपीए का अनुपात 9.99% रहा तथा मार्च, 2016 के अंत में शुद्ध अग्रिम से शुद्ध एनपीए का अनुपात 5.06% रहा. वर्ष के दौरान बैंक ने एनपीए प्रावधानों (पिछले वर्ष ₹ 3,998 करोड़) के लिए ₹ 13,766 करोड़ उपलब्ध करवाए. यह प्रावधान नियामक आवश्यकताओं से ₹ 2,954 करोड़ अधिक थे जिससे कि भारित आस्तियों के पेटे प्रावधान कवरेज को सुधारा जाए और तुलन पत्र को मजबूत किया जा सके. विवेकसम्मत/तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए अग्रिमों सहित वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान कवरेज का अनुपात 60.09% रहा.

आस्तियों का वर्गीकरण के अनुरूप आपके बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियो का अलग-अलग विवरण निम्नलिखित है -

(₹ करोड़ में)

आस्तियों की श्रेणी (सकल)	31 मार्च, 2016	31 मार्च, 2015
मानक	3,64,996	4,21,019
सकल एनपीए	40,521	16,261
कुल	4,05,517	4.37,280
सकल एनपीए में समावेशितः		
अवमानक	11,569	4,368
संदिग्ध	25,766	10,383
हानि	3,186	1,510
कुल सकल एनपीए	40,521	16,261

अग्रिम खातों का पुनर्गठन

आपका बैंक अस्ति गुणवत्ता में सुधार हेतु उद्योगवार साथ ही साथ उधारकर्तानुसार दबावपूर्ण अग्रिम पोर्टफोलियो की निरंतर जांच करता रहता है, ताकि परियोजना/कार्य की व्यवहार्यता के आधार पर पुनर्गठन के द्वारा समुचित कार्रवाई की जा सके. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान विभिन्न अग्रिम खातों का पुनर्गठन निम्नलिखित टेबल के अनुरूप किया.

अग्रिम खातों की पुनर्रचना (वैश्विक) - 2015-16

(₹ करोड़ में)

		सीडीआर की व्यवस्था	एसएमई पुनर्रचना	अन्य	कुल
पुनर्गठित मानक अग्रिम	उधारकर्ताओं की संख्या		19	564	583
	बकाया राशि	227	108	975	1310
पुनर्गठित अवमानक अग्रिम	उधारकर्ताओं की संख्या	1	58	332	391
	बकाया राशि	72	16	57	146
पुनर्गठित संदिग्ध अग्रिम	उधारकर्ताओं की संख्या	1	41	200	242
	बकाया राशि	1,031	60	404	1,495
कुल	उधारकर्ताओं की संख्या	2	118	1,096	1,216
	बकाया राशि	1,331	185	1,436	2,953

सूचना प्रौद्योगिकी (आई टी)

आपके बैंक ने अपटाईम इन्स्टिट्यूट 3 मानक से सुसंगत एक आधुनिक डाटा सेंटर तथा ग्राहकों को अनवरत बैंकिंग सेवाओं की सुपुर्दगी के लिए विभिन्न सिस्मिक जोनों में प्रत्येक असफलता के क्षण में आपदा पुनः स्थापन साईट का निर्माण किया है. आपदा पुनः स्थापन केंद्र के अतिरिक्त आपके बैंक ने अपने व्यवसाय निरंतरता आयोजन एवं आपदा पुनर्स्थापन कार्यनीति के एक भाग के रूप में शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करने हेतु आपदा पुनर्स्थापन केंद्र का अनुपालन भी किया है. आपके बैंक ने लगातार तकनीक के क्षेत्र में नई पहलों जैसे विंडो सर्वर वर्च्यूलाइजेशन और हरित पहल के रूप में वेकअप कोंसोलीडेशन को जारी रखा है तथा डाटा सेंटर के परिचालानात्मक दक्षता में भी सुधार किया है. एप्लिकेशन वर्च्यूलाइजेशन, स्वतःसंग्रहण प्रणाली (एएसएम) और रियल एप्लीकेशन कलस्टर (आरएसी) लागू करना, बैंडविथ अपग्रेडेशन, बैकअप लिंक का प्रावधान, गुणवत्ता को सुधारने हेतु एमपीएलएस (मल्टी प्रोटोकोल लेवल स्वीचिंग) पर नई तकनीकी सेवाओं का उपयोग करना तथा डिमांड अपग्रेड आदि कुछ प्रमुख पहलें हैं.आपके बैंक ने कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सीबीएस) में फिनेकल 10.x तथा ई-बैंकिंग में 11.x अपग्रेडेशन की पहल की है.

बैकल्पिक डिलवरी चैनल

इंटरनेट बैंकिंग - बड़ौदा कनेक्ट

आपका बैंक अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों (बड़ौदा कनेक्ट) में लगातार और अधिक सुविधाएं जोड़ रहा है. वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ग्राहकों को बेहतर सुविधा तथा नियंत्रण प्रदान करने के लिए बड़ौदा कनेक्ट में कई नई विशेषताएं जोड़ी गई हैं.

मोबाईल बैंकिंग - बड़ौदा एम कनेक्ट तथा आइएमपीएस

मोबाइल बैंकिंग को आपके बैंक ने नई पीढ़ी तथा प्रौद्योगिकी से भली-भांति परिचित ग्राहकों को आकर्षित करने एवं उनकी जरूरतों के अनुकूल तैयार कर इसकी पहचान और अनुभव को तथा उपयोग में इसे अत्यंत सरल बनाते हुए इस सुविधा का कायाकल्प किया गया है. वैकल्पिक डिलीवरी चैनल के रूप में मोबाइल बैंकिंग प्लेटफार्म ग्राहकों को अनेक सुविधाएं यथा आइकॉन आधारित यूजर इंटरफेस, बैलेंस इंक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, निधि-अंतरण, भुगतान रोकना, चेक स्टेटस अन्य सेवाएं प्रदान कर रहा है. मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन सुविधा सभी आई फोन, ब्लेक बैरी, एंडराइड विंडो डिवाइस पर उपलब्ध कराई गई है. पर्सन टू एकाउंट (पी2ए), मर्चेंट भुगतान (पी2 एम), आधार कार्ड आधारित धन प्रेषण (पी2यू) को कवर करने के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) को क्रियान्वित किया गया है. मोबाईल बैंकिंग प्लेटफार्म पर अन्य प्रमुख सुविधाएं, जैसे सीबीएस तथा नेट बैंकिंग के माध्यम से मोबाईल बैंकिंग का पंजीकरण, शाखाओं के माध्यम से आईएमपीएस, एएक्सआईओएम एसएमएस एग्रीगेटर को क्रियान्वित किया गया है. एनआरआई ग्राहकों के लिए एम-पासबुक की सुविधा शुरूकी गई है, मोबाईल बैंकिंग में डीटीएच रिचार्ज की सुविधा को सुचारू बनाया गया है.

बड़ौदा नॉनस्टाप लॉबी:-

24x7 नियमित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबीज़ जिनमें पांच स्वयं सेवा मशीनें यथा कैश रिसाइकलर, एटीएम, मल्टी फंक्शन कियोस्क, पासबुक प्रिंटर तथा डिजिटल साइनेज सिस्टम सेवाएं उपलब्ध हैं. इन लॉबीज से दृश्यता में वृद्धि हुई है और इन्हें ग्राहकों तथा स्टाफ सदस्यों की ओर से उत्साहवर्द्धक प्रतिसाद मिल रहा है. मार्च 2015 में बड़ौदा ई-लॉबी की संख्या -151- थी , जो मार्च 2016 में बढ़कर -252- हो गई.

बड़ौदा एक्सप्रेस - 24X27 लॉबी:-

''बड़ौदा एक्सप्रेस - 24x7 लॉबी'' बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबी का ही छोटा संस्करण है , जिसमें वर्तमान एटीएम केबिन की आंतरिक संरचना में ही थोड़ा बदलाव करके एटीएम केबिन में ही एटीएम के साथ कैश रिसाईकलर तथा पासबुक प्रिंटर लगाकर अतिरिक्त सेवाएं प्रदान की जाती हैं. इन लॉबियों से हमें ग्राहकों के लिए सुविधायें बढ़ाने में, सेवाओं को चौबीस घन्टे उपलब्ध कराने में, शाखाओं के कार्यभार को घटाने में तथा बैंक द्वारा पहले किए गए निवेशों के आदर्श उपयोग में मदद मिलेगी. बड़ौदा एक्सप्रेस लॉबी की शुरूआत सितम्बर 2015 में की गयी थी. मार्च 2016 तक बैंक के पास कुल -451- ई लॉबियां हैं.

कॉन्टेक्ट सेंटर:-

कॉन्टेक्ट सेंटर अधिकतर बैंकिंग सेवाओं को टेलीफोन के माध्यम से प्रदान करता है. सभी ग्राहक या आम आदमी टोल फ्री नंबर 1800 22 33 44 तथा 1800 102 44 55 पर फोन करके देश में कहीं से भी कॉन्टेक्ट सेंटर से संपर्क कर सकते हैं. कॉन्टेक्ट सेंटर विविध प्रकार की इनबाउंड एवं आउटबाउंड सेवाएं प्रदान कर रहे हैं.

एसएमएस बैंकिंग

जो ग्राहक केवल सूचना आधारित बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए आपके बैंक ने शेष राशि संबंधी पूछताछ, लघु खाता विवरणी, चेक की स्थिति आदि हेतु पंजीकृत मोबाइल नम्बरों से एसएमएस बैंकिंग प्रारंभ किया है. यह अत्यंत सरल एवं उपयोग में आसान उत्पाद है जिस ग्राहक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बिना उपयोग करना शुरूकर सकता है.

बड़ौदा ई गेट वे - इंटरनेट पेमेंट गेटवे

अपने व्यापारी ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से संग्रहित भुगतान के ई-कॉमर्स व्यवसाय हेतु इलेक्ट्रानिक पेमेंट प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक के पास स्वयं की पूरी संरचना उपलब्ध है. अपने ग्राहकों को अतिरिक्त भुगतान का माध्यम उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख बैंकों की नेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भुगतान संग्रहकों, जैसे बिल डेस्क, सिट्रस पेमेंट सोल्यूशन प्रा.लि. तथा पे-टीएम के साथ बैंक का टाइअप है. बैंक से जुड़े व्यापारियों को सुखद अनुभव प्रदान करने तथा उन्हें दी जाने वाली सेवाओं को बढ़ाने हेतु आपका बैंक आईपीजी संरचना को अद्यतन करने की प्रक्रिया में है.

सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर्स (एसएसपीबीपी)

सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर एक स्वचालित कियोस्क है, जिसके माध्यम से ग्राहक स्वयं अपनी पासबुक को प्रिंट कर सकता है. एसएसपीबीपी कियोस्क पासबुक पर लगी मैग्नेटिक पट्टी से खाते से संबंधित विवरण प्राप्त कर लेते हैं तथा इसी विवरण के माध्यम से कियोस्क से खाते के लेन-देन का ब्यौरा प्राप्त करते हैं एवं इसे पासबुक पर प्रिंट करते हैं. ग्राहक ई लॉबी / एटीएम में लगी एसएसपीबीपी मशीन का उपयोग 24 x 7 कर सकते हैं.

एटीएम

ग्राहकों को अनवरत रूप से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए समूचे भारतवर्ष में सुविधाजनक स्थानों पर 945 अतिरिक्त एटीएम लगाए गए तथा 07 वर्षों से पुराने हो चुके 206 एटीएम को बदला गया. ग्राहकों के लिए 50 से अधिक एटीएम को सुविधाजनक स्थानों पर स्थानांतरित किया गया. दिनांक 31.03.2016 को बैंक के पास 8975 एटीएम का नेटवर्क है.

वर्ष के दौरान, एटीएम के माध्यम से एनएफएस नेटवर्क पर मोबाईल बैंकिंग हेतु पंजीकरण किया जा सकता है. एटीएम के माध्यम से गुजरात ऊर्जा बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. प्रधानमंत्री जन धन योजना वाले ग्राहकों के लिए एटीएम के माध्यम से ओवरड्राफ्ट हेतु आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. हमारे बैंक के साथ आरआरबी के ग्राहकों तथा अन्य बैंक के ग्राहकों हेतु माइक्रो एटीएम के माध्यम से नकदी आहरण की

सुविधा उपलब्ध कराई गई है. हमारे सभी आरआरबी के लिए रूपे ईएमवी लागू किया गया, एटीएम के माध्यम से प्राप्त लीड, कार्ड व पिन का प्रयोग करके एमएफके के माध्यम से बिल का भुगतान, एटीएम तथा कैश रिसाईकलर से बहुभाषी रसीद की प्रिंटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई, कैश रिसाईकलर में कार्ड रहित नकदी जमा सुविधा , पीओएस पर रूपे कैश, ग्राहकों के लिए मुद्रा कार्ड जारी करना आदि सुविधाएं शुरू की गई. ऑनलाइन बड़ौदा कनेक्ट यूजर के निर्माण तथा डेबिट कार्ड व पिन के माध्यम से पासवर्ड को रिसेट करने, रूपे के लिए ओटीपी हेतु पंजीकरण की सुविधा दी गई. वीसा, मास्टर ई-ट्रांजेक्शन , भारतवर्ष तथा न्यूजीलैंड में बड़ौदा कॉन्टेक्ट लेस डेबिट कार्ड प्रारंभ किया गया. सभी डेबिट कार्ड उत्पादों को ईएमवी कार्ड में बदला गया, एटीएम कम से कम समय के लिए बंद रहे ताकि ग्राहकों को बेहतर ग्राहक सेवा प्राप्त हो सके,इसके लिए ईएसक्यू एटीएम मॉनीटरिंग सोल्यूशन को सक्रिय किया गया. पीओएस पर रूपे कार्ड के प्रथम उपयोग के लिए सक्रिय किया गया, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के लिए पीओएस पर पिन दर्ज करने को अनिवार्य बनाया गया, एसएमएस तथा शाखा के माध्यम से डेबिट कार्ड को ब्लॉक करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई, ओमान टेरीटरीज के लिए ईएमवी को लागू किया गया.

कैश रिसाईकलर :-

बैंक ने 20 जुलाई ,2014 को प्रथम कैश रिसईकलर स्थापित किया था. आपके बैंक ने दिनांक 31.03.2016 तक 1135 कैश रिसाईकलर/बीएनए स्थापित कर दिए हैं. कैश रिसाईकलर बैलेंस पूछताछ, लघु विवरणी तथा पिन बदलने की सुविधा के अलावा नकदी जमा करने तथा नकदी आहरण करने की सुविधा प्रदान करता है. कैश रिसाईकलर 24x7 परिचालन हेतु उपलब्ध रहता है, अतः यह रिटेल तथा साथ ही साथ कार्पोरेट ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय है. सभी प्रकार के सफल संव्यवहार शीघ्र खाते में क्रेडिट या खाते से डेबिट हो जाते हैं तथा ग्राहकों को संव्यवहार के सफलता की पुष्टि प्राप्त हो जाती है. प्रतिदिन कैश रिसाईकलर से लगभग 1.6 लाख संव्यवहार किए जा रहे हैं.

अन्य ग्राहक केन्द्रित पहलें

आपके बैंक ने घरेलू परिचालनों के लिए वीजा / मास्टर कान्टेक्टलैस कार्ड जारी किया है, ओएनयूएस तथा एनपीसीआई नेटवर्क के लिए कार्ड से कार्ड अंतरण की सुविधा शुरूकी है, एफआई स्वीच तथा एटीएम स्वीच का एकीकरण किया है. आपका बैंक इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से आयकर विभाग के ई-फाईलिंग एकाउंट में प्रवेश करने की सुविधा देता है. आपका बैंक मल्टी फंक्शन कियोस्क पर मूल्य आधारित सेवाएं उपलब्ध कराता है तथा डेबिट कार्ड व पिन के माध्यम से ऑनलाइन पासवर्ड रिसेट करने की सुविधा उपलब्ध कराता है.

विपणन

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान अपनी विभिन्न मार्केटिंग पहलों द्वारा अपने ब्रांड तथा विभिन्न उत्पादों व सेवाओं का लगातार संवर्द्धन किया है. क्षेत्रीय एवं अंचल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न मीडिया माध्यमों जैसे कि प्रिंट, इलेक्ट्रानिक (टीवी/रेडियो), डिजिटल एवं आउट ऑफ होम (ओओएच) के लिए अंचल/क्षेत्रीय स्तर पर चालू किए गए एबव-द-लाइन (एटीएल) के साथ-साथ बिलो-द-लाइन (बीटीएल) के सहयोग का प्रभावी उपयोग विपणन पहलों में शामिल है.

आपके बैंक ने इस वर्ष 1 जनवरी को सोशल मीडिया में फेसबुक और ट्विटर पर उपस्थिति दर्ज की है. आपका बैंक जनसांख्यिकी और भौगोलिक स्तर पर व्यक्तिगत ग्राहकों से जुड़ने के लिए प्लेटफॉर्म के रूप में सोशल मीडिया के महत्व की सराहना करता है. आपके बैंक ने भिन्न-भिन्न उत्पादों को न्यायसंगत रूप में बढ़ावा देने तथा ग्राहक शिक्षा अभियानों को संचालित करने के लिए भी सोशल मीडिया के उपयोग की योजना बनाई है ताकि ग्राहकों के साथ लाभप्रद रूप में जुड़ सकें तथा संबंध विकसित कर सकें. बैंक को अपने वांछित समूहों से जुड़कर इसका सकारात्मक प्रतिसाद मिला है.

बैंक की शाखा नेटवर्क

31.03.2016 तक बैंक का शाखा नेटवर्क इस प्रकार है:

घरेलू क्षेत्र वर्गीकरण	शाखाओं की संख्या	कुल संख्या का %
महानगरीय	1008	18.91
शहरी	933	17.50
अर्ध-शहरी	1425	26.74
ग्रामीण	1964	36.85
कुल	5330	100
विदेशी (अनुषंगियों की शाखा एवं प्रतिनिधि कार्यालय सहित)	106	--

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

विभिन्न विकास संबंधी गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय योगदान देने की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की पुरानी परम्परा रही है. शिक्षा, स्वास्थ्य, मानव कल्याण और अन्य सामाजिक गतिविधियां बैंक के प्रमुख केन्द्रित क्षेत्र हैं. समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अपने प्रयासों को जारी रखते हुए हमारे बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान अपने प्रयासों को और तेज किया. बैंक ने कमजोर वर्ग, ग्रामीण जनसमुदाय तथा अन्य लाभ के लिए सामाजिक-आर्थिक कल्याण गतिविधियों तथा विभिन्न समुदायिक विकास कार्यों में लगे अलग-अलग संगठनों के लिए ₹ 1940.21 लाख की राशि स्वीकृत की है.

कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी युवाओं के लिए स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु हमारे बैंक ने देश के छह राज्यों में 49 बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आर-सेटी) स्थापित किए हैं, अभी तक हमारे बड़ौदा स्वरोजगार संस्थानों ने 9188 प्रोग्राम आयोजित किए हैं तथा 2,63,378 युवाओं को प्रशिक्षण दिया हैं, जिनमें से 1,58,731 ने या तो रोजगार प्राप्त कर लिया है या स्वरोजगार स्थापित कर लिया हैं.

सामान्य वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों के बारे में ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षित करने तथा वित्तीय परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे बैंक ने देश के आठ राज्यों में 51 वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) भी स्थापित किए हैं. इन केन्द्रों पर वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूकता, वित्तीय योजना तथा किसी व्यक्ति की कर्ज संबंधी परेशानी में सुधार लाने संबंधी गतिविधियों पर चर्चा की जाती हैं.

जोखिम प्रबंधन

स्थायी विकास सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने एक व्यवस्थित जोखिम प्रणाली विकसित की है ताकि बैंक द्वारा अनुमानित जोखिमों की लगातार और व्यवस्थित आकलन व मॉनीटरिंग की जा सके. यह उल्लेखनीय है कि जोखिम प्रबंधन प्रणाली सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अंततः बैंक के निदेशक मंडल पर है. आपके बैंक के निदेशक मंडल द्वारा एक सुदृढ़ उद्यमव्यापी जोखिम प्रबंधन स्वरूप निर्धारित किया गया जिससे कि जोखिम, बैंक के निदेशक मंडल द्वारा परिभाषित जोखिम प्रवृत्तियों के अनुरूप रहे. विभिन्न जोखिमों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए बोर्ड की एक विशिष्ट समिति का गठन किया गया है. बोर्ड ने अपनी एक जोखिम प्रबंधन समिति भी गठित की है जो विभिन्न प्रकार के जोखिमों के बीच इंटरलिंक को देखती है.

बासेल III कार्यान्वयन

भारतीय बैंकों द्वारा 1 अप्रैल, 2013 से बासेल III पूंजी विनियमों का कार्यान्वयन किया गया है. कार्यान्वयन के लिए एक ओर पूंजी की परिवर्धित गुणवत्ता एवं मात्रा तथा वहीं दूसरी ओर अधिक प्रकटीकरण की आवश्यकता है. बैंक की

कोर पूंजी में सुधार करने तथा वृद्धि करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मार्च 2016 में एफसीटीआर, डीटीए तथा पुनर्मूल्यन आरक्षित को शामिल करने के लिए नए उपाय किए गए हैं. मार्च 2016 के बाद से बैंक चरणबद्ध तरीके से सीसीबी का रखरखाव करना भी शुरु करेगा तथा नियामक के अनुसार 2.5% पर पहुंचेगा. बैंक लघुत्तम नियामकीय पूंजी आवश्यकताओं को पर्याप्त कुशलता के साथ नियामकीय मानदंडों को पूरा करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित है.

जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस)

भारतीय रिज़र्व बैंक में कार्यरत बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग (डीबीएस) ने वाणिज्यिक बैंकों की पर्यवेक्षण प्रोसेस की समीक्षा के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षण प्रणाली (आरबीएस) अपनायी है. आरबीएस फ्रैमवर्क को जोखिम तथा पूंजी के मूल्यांकन के लिए पर्यवेक्षण प्रोग्राम (एसपीएआरसी) का नाम दिया गया है तथा प्रोसेस में प्रयुक्त एकात्म जोखिम तथा प्रभाव स्कोरिंग (आईआरआईएस) मॉडल इसके महत्वपूर्ण घटकों/ टूलों में से एक है. जोखिम आधारित पर्यवेक्षण ऑफसाइट के साथ-साथ ऑनसाइट पर्यवेक्षण से संचालित होता है जिसके लिए बैंक को डाटा संग्रहण और समेकन प्रक्रिया और रिपोर्टिंग के लिए मजबूत प्रणाली लागू करने की आवश्यकता होती है. हमारे बैंक में पर्यवेक्षण चक्र 2012-13 में आरबीएस का प्रारंभ किया गया. एसपीएआरसी जोखिम केन्द्रित है तथा इसका उद्देश्य निरीक्षणात्मक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशील बनाना है. जोखिम व पूंजी आंकलन एसपीएआरसी परियोजना के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं. बैंक में जोखिम के आंकलन के अंतर्गत आतंरिक जोखिम, आतंरिक जोखिम के नियंत्रण में हुई चूक के कारण हुआ जोखिम, विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन, निर्धारित प्रक्रिया के संचालन व निगरानी में हुई चूक के कारण हुए जोखिम को शामिल किया गया है. ये सभी आंकलन मिलकर बैंक का कुल जोखिम तय करते हैं. कुल जोखिम तथा उपलब्ध पूंजी मिलकर बैंक के असफलता के जोखिम का स्कोर (आरओएफएस) तय करते हैं.

आपके बैंक ने एसपीएआरसी के तहत तीसरा चक्र पूरा कर लिया है तथा वित्तीय वर्ष 2015-16 में चौथे निरीक्षणात्मक चक्र की सफलतापूर्वक शुरूआत के लिए पूर्णतः तैयार है.

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करती है. यह समिति प्रभावी आंतरिक जोखिम आधारित लेखा परीक्षा, संगामी लेखा परीक्षा, आई.एस.लेखा परीक्षा तथा अन्य निरीक्षण व लेखा परीक्षा कार्यों के प्रभावी विकास के लिए मार्गदर्शन देती है. यह समिति कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति / बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा समिति द्वारा किए गए कार्यों की मॉनीटरिंग करती है. आपके बैंक में एक सुव्यवस्थित केन्द्रीय आतंरिक लेखा परीक्षा विभाग (सीआईएडी) है जो बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं पद्धतियों के अनुपालन का परीक्षण करता है. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, बैंक का निदेशक मंडल और निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति तथा कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति से आंतरिक नियंत्रण संबंधी विभिन्न मुद्दों पर प्राप्त मार्गनिर्देश बेहतर जोखिम प्रबंधन की दृष्टि से आर्थिक नियंत्रण तंत्र का भाग बन गए हैं. बैंक के हित को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष बढ़ते हुए कारोबार को ध्यान में रखकर केन्द्रीय आतंरिक लेखा विभाग जोखिमों पर प्रभावी नियंत्रण प्रणाली के द्वारा सतत नियंत्रण रखने का प्रयास करता है . बैंक के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित आवधिकता के अनुसार 13 अंचल निरीक्षण केन्द्रों द्वारा शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सीएआईडी अपना संचालन करता है और आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली और जोखिम प्रबंधन का परीक्षण करता है. आपके बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखा परीक्षा (आर बी आई ए) से कवर हैं. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कुल 4455 शाखाओं का निरीक्षण किया गया जिनमें से 3671 शाखाएं (82.40%) कम जोखिम में, 694 शाखाएं (15.58%) मध्यम जोखिम में तथा 90 शाखाएं (2.02%) उच्च जोखिम श्रेणी में थीं.

बैंक ने प्रौद्योगिकी, प्रभावशाली उपायों तथा डिजिटलाइजेशन के माध्यम से लेखापरीक्षा संबंधी कार्यों को केंद्रीकृत करने की पद्धति व प्रक्रिया का शुभारंभ कर दिया है. प्रौद्यगिकी का समुचित प्रयोग करके, विश्लेषणात्मक, सरलीकृत तथा उन्नत लेखापरीक्षा कार्य-प्रणाली के माध्यम से समूची लेखा-प्रणाली में बदलाव किया जाएगा. सक्षम लेखापरीक्षा मशीनरी को स्थापित करने तथा लागू करने हेतु बैंक ने प्रमुख ऑडिट फॉर्मों में से एक नॉलेज पार्टनर की सेवाएं लेने का प्रस्ताव रखा है.

परिचालन एवं सेवाएं

ग्राहक केन्द्रित पहलें

आपका बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं और संतुष्टि के प्रति सदैव तत्पर रहा है और उसका यह विश्वास रहा है कि प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाएं, उत्पाद एवं इसके लोगों का हर प्रकार का कौशल अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए. ग्राहक सेवा में और सुधार करने तथा शिकायतों के निवारण के लिए वर्ष के दौरान ग्राहक सेवा विभाग को सुदृढ़ किया गया है. आपके बैंक ने शिकायतों के शीघ्र निपटान करने हेतु शाखाओं में ग्राहक सेवा को सुधारने के लिए तथा साथ ही साथ ग्राहक शिकायतों की मशीनरी को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं.

वर्ष के दौरान, ग्राहकों को भेजे गए ई-मेल के माध्यम से ग्राहकों की प्रतिक्रया को जानकार सुधारात्मक कार्रवाई करने के उद्देश्य से दिनांक 08.06.2015 से 30.09.2015 तक ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वे किया गया. उक्त सर्वे से प्राप्त सूचनाओं तथा पाई गई कमियों को दूर करने हेतु सुझाए गए उपायों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक कार्रवाई की गई.

केवाईसी/ एएमएल अनुपालन

आपके बैंक के पास सुपरिभाषित केवाईसी - एएमएल - सीएफटी नीति है , यह वह आधारशिला है जिस पर केवाईसी मानदंडों का अनुपालन, ए.एम.एल. मानदंडों, सीएफटी उपायों तथा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) , 2002ड के अंतर्गत बैंक के दायित्वों का कार्यान्वयन टिका हुआ है.

आपके बैंक में केवाईसी - एएमएल -सीएफटी कार्यान्वयन की मुख्य विशेषताएं निम्न है:

- बैंक वित्तीय आसूचना इकाई भारत (एफआई यू - आईएनडी) को इलैक्ट्रानिक रूप में भेजने के लिए इलैक्ट्रानिक तरीके से नकद लेन देन रिपोर्टों (सी टी आर) को जनरेट करता है.
- ग्राहक के खाते में लेन देनों के आधार पर सिस्टम आधारित एलर्ट जनरेट करने के लिए 'एएमएल सॉल्यूशन' लागू किया गया है. आईबीए के कार्य दल की संस्तुति के आधार पर इसमें और अधिक एलर्ट निर्धारित करके इसको आगे और अधिक व्यापक बनाने की गुंजाईश है. आपके बैंक में केवाईसी-एएमएल-सीएफटी दिशानिर्देशों के समस्त अनुपालन हेतु निदेशक नामित हैं.
- केन्द्रीय लेन-देन निगरानी इकाई (सीटीएमयू) ने बैंक के प्रधान कार्यालय में दि. 18.02.2016 से संव्यवहारों/ एएमएल सोल्यूशन में जनरेट अलर्टस की पूरी तरह से निगरानी करने तथा यदि संव्यवहार संदेहास्पद पाया जाए तो एसटीआर फाईल करने हेतु कार्य आरंभ कर दिया है.
- संदेहास्पद संव्यवहार रिपोर्ट (एसटीआर) की जांच करने तथा वित्तीय आसूचना इकाई भारत (एफआईयू-आईएनडी) को प्रेषित करने हेतु जांच दल का गठन किया गया है.
- बैंक के ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छमाही (जुलाई एवं जनवरी) में सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (एएमएल उपायों से) किया गया है.

- बैंक, एफआईयू - आईएनडी, नई दिल्ली को प्रत्येक माह जाली करेंसी नोटों की रिपोर्ट (सीसीआर) और गैर लाभकारी संगठनों के लेनदेन के बारे में रिपोर्ट (एनटीआर) प्रस्तुत करता है. आपका बैंक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से क्रॉस बॉर्डर वायर ट्रांसफर रिपोर्ट हर माह तैयार करता है और एफआईयू- आइएनडी, नई दिल्ली को प्रस्तुत करता है.
- बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने समस्त वर्तमान ग्राहकों को विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआइसी) आबंटित करने के लिए प्रक्रियाधीन है.
- धन शोधन को नियंत्रित करने के लिए एक बड़े कदम के रूप में एन एस डी एल से पैन कार्ड (PAN) का ऑनलाइन सत्यापन करने के कार्य को परिचालित किया गया है.
- सीबीएस सिस्टम में भी इस प्रकार उपयुक्त रूप से सुधार किया गया है जिससे वह पैन (PAN) / फार्म 60/61 की अनुपस्थिति में ₹ 50000/- तथा इससे अधिक की नकदी को स्वीकार न करें.
- बैंक ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के सहयोग से आधार आधारित ई-केवायसी को लागू कर दिया है. सीएफटी के उपाय के रूप में सभी शाखाओं में तत्काल जांच पड़ताल हेतु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विनियमावली (UNSCR) से प्राप्त नामों की सूची उपलब्ध है.
- पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर खाता खोलते समय और एएमएल अलर्ट जनरेट करते समय अल कायदा / तालिबान या भारत सरकार द्वारा ब्लैक लिस्ट में घोषित व्यक्तिगत नामों / संस्थाओं के नामों के साथ ग्राहक के नाम की ऑनलाइन जांच की जाती है.
- केन्द्रीय केवाईसी पंजीकरण की परियोजना में आपके बैंक ने सफलतापूर्वक हिस्सेदारी की है तथा खाता खोलने के फ़ार्म में सीकेवाईसी को अनिवार्य फील्ड के रूप में शामिल करने की प्रक्रिया को पूरा कर लिया है तथा सीबीएस सिस्टम में सीकेवाईसी का स्थान निर्धारित कर दिया है.

अनुपालन कार्य

आपके बैंक ने अनुपालन नीति तैयार की है, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों पर आधारित अनुपालन दर्शन परिलक्षित होता है. बैंक में अनुपालन कार्य, आतंरिक नियंत्रण व अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का एक अभिन्न हिस्सा है , जो कि बैंक में स्वस्थ अनुपालन की प्रक्रिया को समर्थ बनाता है.

मानव संसाधन - व्यवसाय उत्कृष्टता की कुंजी

आपका बैंक बहुआयामी चुनौतियों अर्थात बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति, प्रतिभाओं की व्यापक भर्ती, बड़ी मात्रा में प्रशिक्षण की आवश्यकताओं, लगातार नयी योजनाएं एवं उच्च उत्पादकता के लिए तल्लीनता सहित, वर्तमान गतिशील एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में मानव संसाधन के महत्व को महसूस करते हुए कई पहलों के माध्यम से मानव संसाधन प्रक्रिया को एक नया स्वरूप प्रदान कर रहा है.

आपकी बैंक की वेबसाइट पर एक विशेष रूप से तैयार 'कैरियर पोर्टल' शुरु किया गया है. संस्थान में सांस्कृतिक समभाव के लिए बैंक में नयी नियुक्तियों के लिए एक सुनियोजित, व्यवस्थित एवं केंद्रीभूत ऑन बोर्डिंग कार्यक्रम शुरू किया है. बैंक ने नवनियुक्तों के लिए 'बड़ौदा सारथी' नामक मेंटरिंग कार्यक्रम की भी शुरूआत की है. बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग, बैंक ऑफ बड़ौदा और मणिपाल ग्लोबल एजूकेशन द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंकिंग करियर के लिए बैंक की आवश्यकतानुसार 1 वर्ष के लिए प्रशिक्षण देने का अनूठा संयुक्त प्रयास है. बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा प्रबन्धन पाठ्यक्रम चलाये जाते है. बैंक अति व्यवस्थित प्रतिभा प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठ पदों हेतु उत्तराधिकार योजना पर कार्य रहा है.

कर्मचारी सहबद्धता सर्वेक्षण - 2016

बैंक ने कर्मचारियों के सहबद्धता स्तर, विशेष रूप से उनके अनुभव, विश्वास, दृष्टिकोण आदि को समझने के लिए फरवरी, 2016 में कर्मचारी सहबद्धता सर्वेक्षण किया, ताकि आगे कर्मचारियों के सहबद्धता स्तर के अंतर एवं सुधार को देखते हुए कई एचआर गतिविधियों/पहलों की समुचित रूप से शुरुआत की जा सके. यह सर्वेक्षण 22.02.2016 को प्रारम्भ हुआ और 20.03.2016 को पूर्ण हुआ. इस सर्वेक्षण में 85% से अधिक स्टाफ सदस्यों (अधिकारियों एवं लिपिकों) ने भाग लिया.

पूर्ण केवाईसी के लक्ष्य को हासिल करने हेतु बैंक द्वारा निम्नलिखित कदम उठाएं गए हैं :

- ग्राहकों की जानकारी के लिए केवाईसी दस्तावेजों की पूरी सूची बैंक की वेबसाईट (www.bankofbaroda.com) पर अपलोड की गयी है.
- ग्राहको के खातों में केवाईसी अद्यतन करने हेतु मोबाईल आधारित एसएमएस भेजे जा रहे हैं तथा स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में नोटिस प्रकाशित किए गए हैं.

घरेलू अनुषांगियां एवं सहयोगी :

आपके बैंक की अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों एवं सहयोगियों का वर्ष 2016 के दौरान प्रदर्शन संतोषजनक रहा था. घरेलू अनुषंगियों, सहयोगियों तथा संयुक्त उद्यमों के बारे में संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार हैं :- .

इकाई (पंजीकरण की तारीख के साथ)	देश	स्वाधिकृत निधियां	कुल आस्तियां	शुद्ध लाभ	कार्यालय	स्टाफ
बॉबकार्ड्स लि. (29 सितंबर 1994)	भारत	22,281	26,385	2,397	39	161
बॉब कैपिटल मार्केट लि. (11 मार्च 1996)	भारत	16,053	16,182	1,023	1	53
नैनीताल बैंक लि. (31 जुलाई 1922)	भारत	51,760	6,08,439	4,697	126	798
इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (5 नवंबर, 2009)	भारत	51,532	9,23,634	773	12	1,150
इंडिया इन्फ्राडेट लि. (31.10.2012)	भारत	37,374	2,62,247	2,924	1	13
बड़ौदा पायोनियर एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि. (5 नवंबर 1992)	भारत	4,675	6,025	(493)	3	80
बड़ौदा पायोनियर ट्रस्टी कंपनी लि. (23 दिसंबर 2011)	भारत	7	10	1	0	0

विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान :

वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक को व्यवसाय एवं वित्तीय मानदंडों के तहत निम्नलिखित पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए -

दिनांक	पुरस्कार
22.04.2015	बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी में ''शिक्षण एवं विकास के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता - 2015'' के लिए बी.एम. मुंजाल अवार्ड नई दिल्ली में 22.04.2015 को आयोजित कार्यक्रम में दिया गया.
19.06.2015	बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता 2013-14 के अंतर्गत पांच पुरस्कार प्राप्त हुए : भाषिक क्षेत्र 'ख' में प्रथम पुरस्कार भाषिक क्षेत्र 'क' एवं 'ग' क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार इसके अलावा, बैंक को द्विभाषी गृहपत्रिका एवं हिन्दी गृहपत्रिका की श्रेणी में भी पुरस्कार प्राप्त हुए.
जुलाई 2015	बिजनेस वर्ल्ड द्वारा ''सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़ने के लिए श्रेष्ठ पहल'' के तहत 'एच.आर. एक्सीलेंस अवार्ड'
28.08.2015	बैंक को डन एंड ब्राडस्ट्रीट बैंकिंग अवार्ड 2015 के तहत ''वैश्विक व्यवसाय'' के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के श्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार
14.09.2015	राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में 'ख' भाषिक क्षेत्र में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की योजना अखिल भारतीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के तहत वर्ष 2014-15 में प्रथम पुरस्कार
09.02.2016	9 फरवरी 2015 को गोवा में आयोजित मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र के राजभाषा सम्मेलन में बैंक के दक्षिण गुजरात अंचल को बैंक की श्रेणी में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पश्चिमी क्षेत्र की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार दिया गया.
16.02.2016	बैंक को बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड 2016 में भारतीय बैंक संघ द्वारा बड़े बैंकों की श्रेणी में 'बेस्ट फाइनेंसियल इंक्लूजन इनिसिएटिव' के लिए प्रथम रनर-अप पुरस्कार प्राप्त हुआ.
20.02.2016	बैंक को वित्त, बैंकिंग, बीमा तथा वित्तीय सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए मुंबई में आयोजित छठे माई एफएम स्टार्स ऑफ द इंडस्ट्री अवार्ड में 'एक्सीलेंस इन एजूकेशन लोन' पुरस्कार प्राप्त हुआ.
